59 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का बजट में उद्योग से महिला कल्याण तक बड़ा निवेश

लखनऊ, 04 अगस्त। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ?59,019.54 करोड़ के अनुपूरक बजट को सदन में प्रस्तुत किया.

योगी सरकार के इस अतिरिक्त बजट में विकास परियोजनाओं को तेज करने, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं को मजबूती देने पर विशेष जोर दिया गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का करीब 6.47 प्रतिशत है. इसमें राजस्व लेखे का व्यय 17,399.50 करोड़ और पूंजी लेखे का व्यय 41,620.04 करोड़ रखा गया है. सरकार ने पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देते हुए सड़क, ऊर्जा, उद्योग, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने का लक्ष्य रखा है. अनुपूरक बजट में नई योजनाओं और आवश्यकताओं के लिए 7,854.25 करोड़ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है. सरकार का कहना है कि इससे प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और नई योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा.

भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए बड़ा प्रावधान

बजट में सबसे बड़ा प्रावधान भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए किया गया है. इसके तहत 22,107.88 करोड़ की राशि रखी गई है. सरकार का उद्देश्य औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना, रोजगार के नए अवसर तैयार करना और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना है. ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार के लिए ग्राम विकास विभाग को 17,942.73 करोड़ का प्रावधान किया गया है. इस राशि से ग्रामीण अधोसंरचना, पंचायत विकास, आजीविका योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का काम किया जाएगा. प्रदेश में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा विभाग को 7,422.27 करोड़ दिए गए हैं.

मुंबई पुलिस में 6.5 करोड़ का घोटाला

मुंबई, 04 अगस्त. मुंबई पुलिस विभाग में करीब 6.41 करोड़ रुपये के वेतन घोटाले का मामला सामने आया है. उत्तरी क्षेत्रीय प्रभाग में 10 ऐसे लोगों के नाम पर वेतन का भुगतान किया गया, जिनका पुलिस विभाग से कोई संबंध नहीं था.

> प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीब 10 ऐसे लोगों के नाम वेतन प्रणाली में दर्ज किए गए थे, जो पुलिस विभाग में कार्यरत नहीं थे. इनके नाम पर वेतन भुगतान किया गया. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये लोग वास्तव में कौन हैं और इनके नाम पर खोले गए बैंक खातों का संचालन किसके द्वारा किया जा रहा था. पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि विभाग की वेतन प्रणाली तक पहुंच रखने वाले लोगों ने इन फर्जी नामों को कैसे दर्ज किया और लंबे समय तक भुगतान प्रक्रिया में यह गड़बड़ी पकड़ में क्यों नहीं आई. मामले की शिकायत उत्तरी क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने समता नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई.

बिना भर्ती हुए 10 लोग लेते रहे पुलिस की सैलरी

इन लोगों को पुलिस विभाग में नियुक्त किए बिना ही वेतन अभिलेखों में कर्मचारी के तौर पर दर्ज किया गया और उनके नाम पर सरकारी धन का भुगतान होता रहा. मामले का खुलासा विभाग की वेतन प्रणाली में बदलाव के दौरान हुआ. यह पूरा मामला मुंबई पुलिस के उत्तरी क्षेत्रीय प्रभाग से जुड़ा है. आंतरिक लेखा परीक्षण के दौरान पता चला कि विभाग की वेतन प्रणाली में ऐसे फर्जी कर्मचारी दर्ज किए गए थे, जिन्हें पुलिस विभाग में कभी नियुक्त ही नहीं किया गया. इन फर्जी अभिलेखों के आधार पर लगभग 6.41 करोड़ रुपये का वेतन भुगतान किया गया. घोटाले से जुड़ी वित्तीय अनियमितताएं मुख्य रूप से दिसंबर 2019, जनवरी और फरवरी 2020 तथा जून से सितंबर 2020 के बीच की बताई जा रही हैं. हालांकि इस पूरे फर्जीवाड़े का पता हाल ही में चला.

भारत टैक्सी बनी सहकारी राइड सेवा

चालकों को मिलेगा मालिकाना हक

नई दिल्ली, 4 अगस्त। देश के परिवहन क्षेत्र में सहकारिता आधारित नई पहल के रूप में भारत टैक्सी का शुभारंभ हो गया है. सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित यह मंच चालक-केंद्रित और जन-केंद्रित परिवहन व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. इसका मकसद निजी ऐप आधारित टैक्सी सेवा कंपनियों को समाप्त करना नहीं, बल्कि यात्रियों और चालकों को सहकारी मॉडल पर आधारित सुरक्षित, विश्वसनीय, पारदर्शी और किफायती परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराना है.भारत टैक्सी के तहत वाहन चालकों को 'सारथी' के रूप में मंच से जोड़ा गया है. उन्हें केवल सेवा देने वाले चालक के बजाय सदस्य और हितधारक के रूप में जोड़ने की व्यवस्था की गई है. इसका उद्देश्य चालकों के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना, उनकी आय और आर्थिक स्थिति को मजबूत करना तथा सहकारिता के सिद्धांतों के आधार पर तकनीक आधारित परिवहन व्यवस्था विकसित करना है. 28 जुलाई तक भारत टैक्सी पर कुल 8.27 लाख सारथियों का पंजीकरण हो चुका है. दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक 2,61,045 सारथी पंजीकृत हैं. इनमें 1,35,554 कैब, 37,850 ऑटो और 87,641 बाइक चालक शामिल हैं. गुजरात में 1,04,163, महाराष्ट्र में 84,332, उत्तर प्रदेश में 21,621, राजस्थान में 20,599 और चंडीगढ़ में 10,695 सारथी पंजीकृत किए गए हैं. इससे मंच से जुड़े चालकों के व्यापक नेटवर्क का संकेत मिलता है. भारत टैक्सी को आठ प्रमुख राष्ट्रीय सहकारी संस्थानों का समर्थन प्राप्त है. इनमें राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड, अमूल, कृभको, नेफेड, नाबार्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड शामिल हैं.

यूपी में मूकबधिर दंपति समेत तीन की हत्या

प्रयागराज, 04 अगस्त. प्रयागराज के शाहगंज थाना इलाके में मंगलवार को एक किराये के मकान में तीन लोगों की हत्या कर दी गई. मृतकों में पति-पत्नी समेत दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं. तीनों मूकबधिर थे और उसी मकान में रहते थे.

इस तिहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस की शुरुआती जांच में पुरुष के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. हालांकि, दोनों महिलाओं के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं. घटनास्थल से पुलिस को शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं. प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह वारदात किसी विवाद या लड़ाई-झगड़े के बाद हुई है. घटना की सूचना मिलते ही शाहगंज और खुल्दाबाद समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं. पुलिस अब मृतकों की पहचान और हत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है.

सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली रवि गुप्ता ने इस मामले पर जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं से घटना की गहन जांच कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक साक्ष्य महत्वपूर्ण होंगे. इन तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. जांच पूरी होने के बाद ही इस घटना के संबंध में कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा. जिस किराये के मकान में यह वारदात हुई, वहां का माहौल तनावपूर्ण है. पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है. स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भय और आक्रोश है. पुलिस टीम लगातार पूछताछ कर रही है ताकि कोई सुराग मिल सके.

आसाराम को 13 साल बाद मिली पैरोल

जोधपुर, 04 अगस्त. आसाराम के लिए यह पैरोल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जेल जाने के बाद करीब 13 वर्षों में पहली बार उन्हें 20 दिनों के लिए बाहर आने की अनुमति मिली है. पैरोल के दौरान उन्हें संबंधित प्रशासन और अदालत द्वारा तय नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा. पैरोल का उद्देश्य किसी दोषी को सजा से मुक्त करना नहीं होता, बल्कि निर्धारित परिस्थितियों में सीमित अवधि के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति देना होता है.

युवाओं के प्रति सरकार संवेदनशील

न्याय जल्द मिलेगा : सोरेन

रामगढ़, 04 अगस्त. झारखंड में परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और अभ्यर्थियों के आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों और युवाओं को न्याय का भरोसा दिलाया है. रामगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से ले रही है और किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल लगातार काम कर रहा है और जल्द ही जांच के निष्कर्ष जनता के सामने रखे जाएंगे. आंदोलन कर रहे छात्रों के सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है. उन्होंने कहा कि सरकार के पास जनता की समस्याओं को समझने और उन पर कार्रवाई करने की पूरी व्यवस्था है. विशेष जांच दल की टीम दिन-रात मामले की जांच कर रही है. सरकार अब जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष जांच दल को मामले की तह तक जाने के लिए काम सौंपा गया है. उन्होंने छात्रों को भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने के बाद निष्कर्ष को सार्वजनिक किया जाएगा. सरकार का उद्देश्य पारदर्शी तरीके से मामले का समाधान करना है. हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है. उन्होंने कहा कि छात्रों की जरूरतों और उनकी जायज मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी. किसी भी स्तर पर अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

अभ्यर्थियों की मांगों पर झारखंड के सीएम का आश्वासन

हस्तियों के ट्वीट

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि भारत के राष्ट्रपति की ओर से स्वतंत्रता दिवस रिसेप्शन के लिए मेहमानों को भेजा गया निमंत्रण भारत की सांस्कृतिक और कलात्मक विविधता को दर्शाता है. इस साल का निमंत्रण समुदायों, रचनात्मकता और संरक्षण के बीच आपसी निर्भरता का जश्न मनाता है. इस साल के निमंत्रण और रिसेप्शन की थीम छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की जीवंत कला परंपराओं से प्रेरित है.

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि शिक्षा, समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण के प्रति आजीवन समर्पित पद्मश्री डॉ. डी.वाई. पाटिल जी का निधन अत्यंत दु:खद है. समाजकल्याण के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी प्रयासों और मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने समाज को नई दिशा दी. ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिंतकों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें.

मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले कजाक के राजदूत

नयी दिल्ली. मुख्य चुनाव आयुक्त एवं राष्ट्रीय चुनाव निकायों के अंतराष्ट्रीय मंच इंटरनेशनल आईडिया के सदस्य देशों की संचालन परिषद के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को राजधानी में कज़ाख़स्तान के राजदूत अज़ामत येस्कारायेव से मुलाकात की. आयोग द्वारा दी गयी जनाकरी के अनुसार यह मुलाकात निर्वाचन सदन में हुई. इस मुलाकात में दोनों पक्षों ने इसी वर्ष नयी दिल्ली में आयोजित आईआईसीडीईएम 2026 में व्यक्त साझा दृष्टिकोण के अनुरूप लोकतांत्रिक सहयोग को और सुदृढ़ करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि की. उन्होंने निर्वाचन प्रबंधन तथा निर्वाचन कर्मियों के प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के लिए मिलकर निकटता से कार्य करने पर भी सहमति व्यक्त की.

पश्चिम मध्य रेल
संकेत एवं दूरसंचार विभाग ▪ खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-26. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के इटारसी-सतना खंड में टर्नआउट नवीनीकरण के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिग्नलिंग कार्य)। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,92,29,072.92. **बयाना राशिः** ₹ 3,84,600/-. **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-27. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर डिवीजन के सतना-रीवा खंड में टर्नआउट नवीनीकरण से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिग्नलिंग कार्य)। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,67,02,739.59. **बयाना राशिः** ₹ 3,34,100/-.

उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए:- निविदा फार्म की कीमतः 00. **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। **समापन अवधिः** 11 माह प्रत्येकी। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 24.08.2026 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **"https://ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रं./ 120 / मुख्य स्टोर / 2026-27 — कटनी दिनांक :- 31/07/2026

तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से आन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https:/mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक	सामग्री का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_526190_1	अग्निशमन वाहन	2000.00 18750.00	12/08/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https:/mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिक निगम, कटनी

कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला- मण्डला (म.प्र.)

Office of Municipal Council Nainpur, District - Mandla (M.P) Phone No. 07646-240106, Email ID - cmonanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/ 1736/ लो.नि.वि./ई-निविदा/2026 — **निविदा सूचना** — नैनपुर, दिनांक :- 04/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
2026_UAD_526424_1 दि. 04/08/2026 NIT No. 1691/PWD/NP/2026	वार्ड क्र. 02 में सुजीत प्रजापति से शंकर मंदिर तक सी.सी. रिन्यूवल कोर्ट कार्य	02 Month 7,39,263/-	2,000/- 7,400/-	22/08/2026
2026_UAD_526425_1 दि. 04/08/2026 NIT No. 1691/PWD/NP/2026	वार्ड क्र. 05 में बलराम के घर के पिछे से सायरानी रेल्वे पुलिया तक नाली निर्माण कार्य।	02 Month 3,76,272/-	2,000/- 3,800/-	22/08/2026
2026_UAD_526426_1 दि. 04/08/2026 NIT No. 1691/PWD/NP/2026	वार्ड क्र. 09 में रवि बर्मन से पर्ते चक्की तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	02 Month 3,09,363/-	2,000/- 3,100/-	22/08/2026
2026_UAD_526427_1 दि. 04/08/2026 NIT No. 1691/PWD/NP/2026	वार्ड क्र. 11 राजकुमार सोनी के पिछे से कन्हैया तक नाली निर्माण कार्य	02 Month 2,19,492/-	2,000/- 2,200/-	22/08/2026
2026_UAD_526428_1 दि. 04/08/2026 NIT No. 1691/PWD/NP/2026	वार्ड क्र. 05 राजेश तिवारी से दिगंबर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	02 Month 1,93,690/-	1,000/- 3,900/-	22/08/2026
2026_UAD_526429_1 दि. 04/08/2026 NIT No. 1715/PWD/NP/2026	Supply Of Ductile Iron Pipe (250 mm Dl, K-9)	07 Days, 9,90,000/-	2,000/- 24,000/-	20/08/2026

शर्तः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद नैनपुर

M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Govt. of M.P. Undertaking)
CIN: U45203MP2004SGC016758
45-A, Arera Hills, Bhopal- 462 011, M.P., Phone : 0755-2527290/2765205
Fax : (EPBX), Fax : 0755-2572643, Website : www.mprdc.gov.in
NIT No.714/MPRDC/Procu/2026

निविदा आमंत्रण

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड भोपाल निम्न कार्यों के लिये ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है:-

स. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	धरोहर राशि (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) (रुपये में)	कार्यपूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
1.	मध्यप्रदेश राज्य में चैनेज 0+000 से चैनेज 11+792 तक अलीराजपुर बाईपास (2-लेन मय पेव्हड शॉल्डर) का निर्माण (कुल लंबाई-11.792 किलोमीटर) ईपीसी मोड के तहत।	9077.00	90.77	59,000/-	24 माह
2.	लेबड-जावरा मार्ग (उज्जैन संभाग) पर दत्तीगरा फाटा (ब्लैक स्पॉट क्रमांक 172) पर ब्लैक स्पॉट के सुधार हेतु सर्विस लेन सहित वाहन अंडरपास का निर्माण।	1043.77	10.00	35,400/-	08 माह
3.	जावरा-नयागांव मार्ग (उज्जैन संभाग) पर माननखेड़ा (ब्लैक स्पॉट क्रमांक 270) पर ब्लैक स्पॉट के सुधार हेतु जंक्शन सुधार, सर्विस रोड का निर्माण तथा पुलियाओं का चौड़ीकरण कार्य।	1000.89	10.00	35,400/-	08 माह
4.	टीकमगढ़-जतारा मार्ग (सागर संभाग) पर लारखुर्द नदी पुल (ब्लैक स्पॉट क्रमांक 452) पर ब्लैक स्पॉट के सुधार हेतु विद्यमान पुल के पहुँच मार्गों का उन्नयन तथा मोड़ (कर्व) स्थलों का सुधार कार्य।	374.75	3.75	23,600/-	08 माह

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर **दिनांक 10.09.2026, 15:30 बजे तक** क्रय किया जा सकता है। **निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही जमा करनी है।** परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

म.प्र. माध्यम/127354/2026 — **प्रबंध संचालक**

समूह-2 उप समूह-4 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2026 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

आवेदन पत्र भरने की तिथि	ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी	आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि
04.08.2026 से 18.08.2026 तक		04.08.2026 से 23.08.2026 तक

संभावित परीक्षा दिनांक	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	उत्तर अंकित का समय
22 सितम्बर 2026 मंगलवार से प्रारंभ	प्रथम	प्रात: 07:00 से प्रात: 08:00 बजे तक	प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक (03 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:30 से दोपहर 01:30 बजे तक	दोपहर 02:30 से 05:30 बजे तक (03 घंटे)

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर - भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन**
4. **परीक्षा शुल्क***

सीधी भर्ती/ संविदा भर्ती पदों हेतु	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रुपये 500/-
	केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए	रुपये 250/-
केवल सीधी भर्ती - बैकलॉग		कोई शुल्क नहीं
ऑनलाइन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क		रुपये 60/-
अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क		रुपये 20/-

विशेष निर्देश -

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI)के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं Sun Glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कंम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट - मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

संचालक
ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
फैक्स : +91-0755-2550498, website : www.esb.mp.gov.in

विज्ञापन क्र. 12/2026 — म.प्र. माध्यम/127351/2026